भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1439**
उत्तर देने की तारीख: 04.12.2024

**कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता**

**1439. श्री अनूप संजय धोत्रे:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में अल्पसंख्यक समुदायों के बीच उनके कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू किए गए अपने जागरूकता अभियान के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और परिणाम क्या हैं;

(ख) क्या ऐसे जागरूकता अभियान के पश्चात् उक्त योजनाओं/कार्यक्रमों के लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और योजना/कार्यक्रम-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए गए अन्य कदमों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) से (ग): यह जागरूकता अभियान छह केंद्रीय अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए मंत्रालय की प्रचार-प्रसार सहित विकास योजनाओं के अनुसंधान/अध्ययन, निगरानी और मूल्यांकन की योजना के तहत चलाया जाता है। सरकार ने पूरे देश में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एफएम चैनलों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मल्टी-मीडिया अभियान चलाए हैं। मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों पर पॉकेट बुकलेट और पर्चे हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित किए जाते हैं। जनता, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों तक सीधे पहुंचने और उनके बीच जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न स्थानों पर 'हुनर हाट' का आयोजन किया गया है। मंत्रालय इसके अलावा, इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित योजनाओं/कार्यक्रमों के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (PIA) के माध्यम से कार्यशालाओं/सेमिनारों के आयोजन का भी समर्थन करता है।

*****